# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 19 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण-एन.आई.ए ने हथियारों की तस्करी के मामले में चार राज्यों में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी बिहार में बारह, नागालैंड में तीन तथा हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक स्थान पर की गई। छापे के दौरान एन.आई.ए ने 315 बोर की राइफल, कई कारतूस, मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव जैसे डिजिटल उपकरण सहित कई प्रतिबंधित हथियार बरामद किए। आपत्तिजनक दस्तावेजों के अलावा एक कार और 13 लाख 94 हजार से अधिक की नकदी भी जब्त की गई है।

*************************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी उत्तराखण्ड की तरह, प्रत्येक बी.जे.पी शासित राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करेगी।संविधान की स्वीकृति के 75 वर्ष पूरे होने पर कल राज्यसभा में चर्चा का समापन करते हुए श्री अमित शाह ने देश में समान नागरिक संहिता लागू न करने के लिए कांग्रेस की तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और पूछा कि एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र में प्रत्येक धर्म के लिए एक समान कानून क्यों नहीं होना चाहिए।

*************************************************************

कैथल जिले के कलायत के एसडीएम एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति कांगथली के रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने कहा कि 19 जनवरी को होने वाले समिति के चुनाव के संबंध में आज अधिसूचना प्रकाशित हो गई हैं। नामांकन कल से 28 दिसंबर तक खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में दाखिल किए जाएंगे। 30 दिसंबर को नामांकनों की जाँच की जाएगी। दो

जनवरी को दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे और 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

**************************************************************

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वालों को लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। कल कुरुक्षेत्र में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में श्री नागर ने कहा कि जो भी व्यक्ति मिलावटी खाद्य सामग्री बनाएगा या बेचेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। राज्य मंत्री  ने कुरुक्षेत्र के सेक्टर तीन में नकली पनीर बनाने और बेचने की एक शिकायत पर अधिकारियों को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि पनीर के तीन नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। नमूने फेल होते हैं तो दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने इस मामले में प्रशासन से भी रिपोर्ट तलब की है।

**************************************************************

भिवानी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुख्य न्यायिक मेजिस्ट्रेट पवन कुमार ने कल जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया। जेल लोक अदालत में दो अलग-अलग मामलों का फैसला करते हुए उन्होंने दो मुलजिमो को मौके पर ही रिहा करने के आदेश जारी किए। मुख्य न्यायिक मेजिस्ट्रेट ने बताया कि जेल में लोक अदालत को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है।

**************************************************************

पशुपालन विभाग द्वारा 21वें पशुधन गणना अभियान की शुरुआत कर दी गई है। भिवानी जिलें में घर-घर जा कर पशुगणना करने के लिए गांवो में 79 तथा शहरों में 15 पशुगणक व 20 सुपरवाइजर लगाए गए हैं।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पशु गणना का कार्य 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

*************************************************************

हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर 5 नगर निगमों, 3 नगर परिषदों और 26 नगर समितियों के वार्डों में मतदाता सूचियों को अपडेट किया जा रहा है।आयोग के प्रवक्ता ने बताया दावे व आपत्तियां पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष 23 दिसंबर तक प्रस्तुत की जाएंगी, जिनका निपटान 27 दिसंबर तक किया जाएगा।पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध उपायुक्त को अपील करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। अपीलों का निपटान 3 जनवरी तक किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

*************************************************************